-178-

जन सेवा समाज सुधार समिति (रजि०)

प्रधान : T-242, गली नं0 23, आर. एस. टी. –ब्लाक, प्रेम नगर–II, किराड़ी,
सुलेमान नगर, दिल्ली–86 फोन : नं0 9811244047, 9278886304

कृष्ण कुमार बघेल
प्रधान

विनोद कुमार
महासचिव

ललित गुप्ता
कोषाध्यक्ष

क्रमांक .... दिनांक 30-4-12

Office of the Director ... Dairy No. M-36 Date 30-4-12 ... Plg./D.D.A.

Dir.(Plg.) MPPR-2021 DDA Vikas Minar N. Delhi Dy. No. 1705

सेवा में
निदेशक (योजना)
मुख्य योजना समीक्षा अनुभाग,
योजना विभाग, दिल्ली विकास प्राधिकरण
दीपाली चौक, सैक्टर नं.3, रोहिणी,
नई दिल्ली–110085

दिनाँक 04-10-2011 व 08-02-2012 को अखबार में प्रकाशित सूचना (जिसमें एम०पी०डी० 2021 के सन्दर्भ में सुझाव प्रस्तुत करना चाहता) 7817

विषय : 80 मीटर चौड़ी सड़क जो बेगमपुर, रोहिणी, प्रताप विहार, निठारी, किराड़ी, आनंद नगर, गौरव नगर, जेड ब्लाक नारायण विहार, आर.एस.टी. ब्लाक प्रेम नगर, गौरी शंकर इन्कलेव, जानकी विहार, इन्द्र इन्कलेव राजधानी पार्क से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–10(रोहतक रोड) तक प्रस्तावित है ।

Director (Plg.) MPR/TC, D.D.A. Vikas Minar N. DELHI-2 Dy.No. 2197 Dated 3-5-12

महोदय,

निवेदन है कि दिनांक 04.10.2011 व 08.02.2012 को अखबार में प्रकाशित सूचना (जिसमें एम.पी.डी.–2021 के संदर्भ में सुझाव आमंत्रित किये गये हैं) के तहत अपने विचार प्रस्तुत करना चाहता हूँ ।

रोहणी सेक्टर 22 के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–10 (रोहतक रोड, नागलोई) के लिए जो संभावित रूट माना जा रहा है, वह प्रताप विहार, किराड़ी, प्रेम नगर, राजधानी पार्क अनुमानित है । यहां 3-4 माह पूर्व पीले रंग से लगभग 80 मीटर चौड़े निशान भी लगा दिये गए है । यह क्षेत्र 95 प्रतिशत आबादी वाला क्षेत्र है । यहां से यदि रोड़ निकला तो लाखों लोग बेघर हो जायेंगे ।

इन कालोनियों की आबादी लाखों में है और मकानों की तादाद हजारों में है, आपकी इस योजना से सब परिवार उजड़ जायेंगे । लोगों ने अपना पेट काट-काट कर अपना आशियाना बनाया है । आपके विभाग के लोगों ने आखें मूंद कर बगैर सोचे विचारे इस योजना को तैयार किया है । योजना बनाते समय इस बात का भी ख्याल नहीं रखा की लाखों बेघर लोग कहाँ रहेंगे ।

आपसे इस सम्बन्ध में एक सुझाव है कि यदि इस सड़क को आप कालोनी के बीच से न निकालते हुए सैक्टर 22 रोहणी से सुखी नहर पर निकालते है तो इसमें 10–15 प्रतिशत का ही नुकसान होगा क्योंकि यह नहर अब बिल्कुल सुख चुकी है और इसका इस्तेमाल कच्ची सड़क के रूप में किया जा रहा है । अतः आपसे निवेदन है कि इसमें संशोधन करने की कृपा करें ताकि यहां का जन-जीवन सुखमय बन पाये ।

धन्यवाद सहित !

(महिपाल सिंह)
सचिव

(कृष्ण कुमार बघेल)
प्रधान

2/5/12
AD(RP)I